


## सचिन और अमला को पीछे छोड़ रोहित शर्मा ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। रोहित शर्मा ने ओपनर के तौर पर सबसे तेज 7,000 रन बनाने का रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वनडे फॉर्मेट में उन्होंने इस मामले में सचिन तेंडुलकर और हाशिम अमला को पीछे छोड़ दिया है। राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान रोहित शर्मा ने 44 बॉल खेलकर 6 चौकों की मदद से 42 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है।

रोहित 7,000 वनडे रन बनाने वाले चौथे भारतीय सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले सचिन, सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग ऐसा कर चुके हैं। भारत के लिए तीनों फॉर्मेट मे ओपनिंग करने वाले रोहित अब बेंगलुरु में होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में अपने करियर में 9 हजार रन पूरे करेंगे। इसके लिए रोहित को केवल चार रनों की जरूरत है। इस मैच में रोहित शर्मा ने 18 रन जोड़कर ही यह रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया था। हिटमैन की यह 137वीं पारी थी। सचिन, हाशिम और रोहित शर्मा में तुलना करें तो रोहित ने सबसे कम पारी में यह मुकाम हासिल किया है। सचिन तेंडुलकर ने 160 पारियां खेलकर ओपनर के तौर पर 7 हजार रन पूरे किए थे वहीं अमला ने इसके लिए 147 पारी खेली थी।

# अब धोनी के लिए टीम इंडिया में वापसी मुश्किल

क्रिकेट

## आईपीएल में प्रदर्शन के बावजूद धोनी की राह मुश्किल- भज्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य के अटकलों के बीच ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर वे आईपीएल में चेन्नै सुपरकिंग्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हैं, तब भी उनके फिर से भारतीय टीम में खेलने की संभावना नहीं है। आज ही धोनी को बीसीसीआई ने इस साल की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किया है।

**पिछले साल श्एश् कैटिगरी में थे धोनीः** बाद में बीसीसीआई की तरफ बयान दिया गया कि इस लिस्ट से किसी खिलाड़ी का भविष्य तय नहीं होता है। धोनी के पास अभी भी मौका है कि वे अच्छा प्रदर्शन कर खुद के लिए टीम में जगह बना सकते हैं। बता दें कि पिछले साल धोनी कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में श्एश् कैटिगरी में शामिल किए गए थे।




**धोनी आईपीएल की तैयार कर रहे होंगेः हरभजन**

जब हरभजन से पूछा गया कि क्या धोनी विश्व टी20 में खेलेंगे, क्योंकि उन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया है। इस पर हरभजन ने कहा, श्मुझे नहीं लगता कि वह फिर भारत के लिए खेलेंगे, क्योंकि उन्होंने फैसला कर लिया था कि वह 2019 विश्व कप तक ही खेलेंगे। वह आईपीएल की तैयारी कर रहे होंगे।

हरभजन से जब पूछा गया कि धोनी के पास आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारत की विश्व टी20 टीम में जगह बनाने का मौका होगा तो उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि धोनी का आईपीएल में प्रदर्शन शानदार रहेगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि अगर वह आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो भी वह भारत के लिए खेल पाएंगे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर ऋषभ पंत आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हैं तो क्या आप पंत को अंतिम एकादश से हटा देंगे?

**धोनी के लिए टीम के दरवाजे बंद नहीं: अधिकारीः** आपको बता दें कि बीसीसीआई ने गुरुवार को अक्तूबर 2019 से लेकर सितंबर 2020 तक के लिए अपने अनुबंध की घोषणा कि जिसमें सबसे बड़ा मुद्दा महेंद्र सिंह धोनी को जगह न मिलने का रहा।

हालांकि बीसीसीआई के अधिकारी की मानें तो इसका मतलब यह कतई नहीं है कि धोनी के लिए टीम के दरवाजे बंद हो हुए हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का देश के लिए खेलने से कोई कोई लेना–देना नहीं है।

## बुजुर्ग महिलाओं से तैयार करवाई पिच लोगों ने गांगुली और बीसीसीआई को घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। बीसीसीआई और सौरभ गांगुली को कुछ दिन पहले ही गुवाहाटी के मैदान में खराब व्यवस्था के लिए लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा था। दरअसल श्रीलंका के खिलाफ यहां टी20 मैच खेला जाना था जो कि बारिश के बाद रद्द हो गया। पिच से जब कवर हटाया गया तो पानी नीचे तक लीक हो गया था। इसके बाद ग्राउंड स्टाफ ने तरह–तरह के जुगाड़ लगाए। हेयर ड्रायर और स्टीम आयरन से पिच सुखाने के विडियो भी वायरल हुए थे। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के ट्विटर हैंडल से पोस्ट किए गए एक विडियो की वजह से फिर से बीसीसीआई की फजीहत हो रही है।

सुबह 8 बजे के आसपास क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने राजकोट की पिच का एक विडियो ट्वीट किया जिसमें कुछ बुजुर्ग महिलाएं मैच के लिए पिच तैयार कर रही हैं।

क्लिप में देखा जा सकता है कि बुजुर्ग महिलाएं बैठकर ब्रश से पिच साफ कर रही हैं। शुक्रवार को सीरीज का दूसरा वनडे मैच राजकोट में खेला जा रहा है। यह विडियो देखने के बाद भारत के क्रिकेट फैन्स ने भी आलोचना की है। लोगों ने बीसीसीआई और अध्यक्ष सौरभ गांगुली को घेरा है।

बता दें कि सीरीज के पहले मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज जीतने के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है।

## महिला हाकी टीम के लिये यांके शापमैन को विश्लेषण कोच नियुक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने तोक्यो ओलंपिक से पहले हाकी टीम के सहयोगी स्टाफ को मजबूत करने के लिये शुक्रवार को ओलंपिक स्वर्ण पदकधारी यांके शॉपमैन को महिला टीम का विश्लेषण कोच नियुक्त किया। नीदरलैंड की यह पूर्व स्टार खिलाड़ी उस टीम का हिस्सा थीं जिसने 2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। यांके शनिवार को बेंगलुरू में साई सेंटर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में टीम से जुड़ जायेंगी। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सत्र के शुरूआती मैच के लिये टीम के साथ रहेंगी जिसमें भारत मेजबान और ब्रिटेन से खेलेगा।

यांके को तोक्यो ओलंपिक तक इस पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा, ''मैं भारतीय महिला हाकी टीम के साथ काम करने को लेकर सचमुच काफी उत्साहित हूं। मैंने पिछले कुछ समय में उनका खेल देखा है और मेरा मानना है कि वे काफी प्रतिभाशाली और पक्के इरादे की खिलाड़ी हैं। मैं भारत के लिये अच्छे नतीजे हासिल करने में अपना योगदान देने को लेकर उत्साहित हूं।'' वह 2016 से 2019 तक अमेरिकी राष्ट्रीय महिला हाकी टीम की मुख्य कोच थीं।

## न्यूज डायरी :



### पाकिस्तान के हफीज टी20 वर्ल्ड कप के बाद लेंगे संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज ने शुक्रवार को कहा कि वह इस साल के अंत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। इस 38 साल के खिलाड़ी को गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ 24 जनवरी से लाहौर में शुरू हो रही पाकिस्तान की टी20 सीरीज की टीम में चुना गया है। हफीज पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में बतौर शीर्ष क्रम बल्लेबाज अहम खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने 2003 में इंग्लैंड दौरे के दौरान अपना पदार्पण किया था। हफीज ने मीडिया से कहा, 'पाकिस्तान के लिए खेलना सम्मान की तरह रहा है। मैं ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलना चाहता हूं और फिर पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय टीम से संन्यास लेना चाता हूं।'

### एफआईएच प्रो लीग के जरिये ओलंपिक तैयारियां शुरू करेगी भारतीय टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। भारतीय हाकी टीम दुनिया की तीसरे नंबर की टीम नीदरलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले एफआईएच प्रो लीग मुकाबले के जरिये तोक्यो ओलंपिक की अपनी तैयारियों की शुरूआत करेगी। भारत ने पिछली बार प्रो लीग नहीं खेला था लेकिन इस बार उसकी शुरूआत 2019 के प्रो लीग और यूरोपीय चौम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता नीदरलैंड से होगी। पहला मैच शनिवार को और दूसरा रविवार को यहां कलिंगा स्टेडियम पर खेला जायेगा। दुनिया की शीर्ष टीमों की भागीदारी में 'अपनी सरजमीं पर और बाहर ' आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट से भारत की ओलंपिक तैयारी पुख्ता होगी। नीदरलैंड के बाद भारत को आठ और नौ फरवरी को विश्व चौम्पियन बेल्जियम से खेलना है। इसके बाद 22 और 23 फरवरी को आस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

### खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहा है बीडब्ल्यूएफ का व्यस्त कार्यक्रमः श्रीकांत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के अग्रणी पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ का व्यस्त कार्यक्रम खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहा है। श्रीकांत ने अपने खराब दौर के लिए भी व्यस्त कार्यक्रम को जिम्मेदार ठहराया। श्रीकांत ने इस साल अब तक दो टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है और दोनों में ही वह पहले दौर में हार गए। 2018 में बीडब्ल्यूएफ ने एक नियम बनाया था, जिसके तहत शीर्ष खिलाड़ियों को साल में कम से कम 12 इवेंट्स में खेलना अनिवार्य है। पहले 10 टूर्नामेंट्स में खेलना अनिवार्य था। श्रीकांत ने कहा, 'पहला टॉप प्लेअर्स को 10 टूर्नामेंट्स में खेलना अनिवार्य था लेकिन अब इसकी संख्या 12 हो चुकी है। यह आसान नहीं है। इससे खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में एक खिलाड़ी को अपने हिसाब से टूर्नामेंट चुनने की आजादी मिलनी चाहिए। अब मैं काफी चुनिंदा इवेंट्स में खेल रहा हूं।' श्रीकांत ने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के कारण उनकी मौजूदा फॉर्म पर असर पड़ा है।

### रोम रैंकिंग सीरीजः अंशु ने रजत जीता, दिव्या कांस्य से चूकीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। युवा पहलवान अंशु मलिक को शुक्रवार को रोम रैंकिंग सीरीज कुश्ती प्रतियोगिता के 57 किग्रा फाइनल में हारने से रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि दिव्या काकरान कांस्य पदक प्ले–आफ में हारकर पोडियम स्थान हासिल करने से चूक गईं। अंशु ने ट्रायल्स की शानदार फार्म जारी रखते हुए सीनियर स्तर पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदक हासिल किया। हालांकि वह स्वर्ण पदक मुकाबले में नाईजीरिया की ओडुनायो एडेकुओरोये से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं। अठारह साल की भारतीय पहलवान ने फाइनल में पहुंचने तक दबदबा बनाया हुआ था जिसमें उन्होंने अमेरिका की जेना रोस बर्कर्ट, नार्वे की ग्रेस बुलेन और कनाडा की 2019 विश्व चौम्पियन लिंडा मोरेस को हराया था। अंशु ने ट्रायल्स के दौरान विश्व चौम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा को हराकर उलटफेर किया था।